प्रदर्शन | बड़वारा के देवरी-हटाई-बछौली मार्ग में सुधार कराए जाने की मांग

सड़क के लिए ग्रामीणों का चकाजाम

नवभारत, कटनी। जिले के बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में देवरी-हटाई-बछौली मार्ग की बदहाल स्थिति के विरोध में ग्रामीणों ने चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में ग्रामीणों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्कूली बच्च भी शामिल हुए। ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर सड़क के कारण गांव के सभी लोगों को परेशानी हो रही है। बच्चों ने बताया कि खराब सड़क के कारण रोज स्कूल जाना मुश्किल हो गया है। बारिश में सड़क कीचड़ से भर जाती है और बाकी दिनों में गहरे गड्ढों के कारण गिरने का डर बना रहता है। कई बार बच्चे गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं और उनकी यूनिफॉर्म खराब हो जाती है। प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्रीय भाजपा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह क्षेत्र की अनदेखी कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार विधायक से सड़क बनवाने की मांग की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि हमने कई बार विधायक से गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता की बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकते, तो उन्हें पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। चक्काजाम की सूचना मिलते ही बड़वारा तहसीलदार ऋषि गौतम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने ग्रामीणों को समझाने और जाम खुलवाने की का प्रयास शुरू किया। सड़क बनाए जाने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन शांत हुआ। ग्रामणों ने बताया कि काफी दिनों से क्षेत्र की सड़क खराब है, बावजूद इसके जिला प्रशासन द्वारा सड़क का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। हर दिन लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने पर 20 हजार का जुर्माना

नवभारत, कटनी। मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने के मामले में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी नीलांबर मिश्रा ने अमानक दूध और पनीर के विक्रय और संग्रहण के खिलाफ कार्रवाई करते प्रतिष्ठान संचालक पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। एडीएम द्वारा जारी आदेश में अर्जित अनुचित लाभ और उल्लंघन की पुनरावृत्ति के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई करते हुए माधवनगर क्षेत्र में संचालित आशू डेयरी फर्म के सोनेलाल यादव को अमानक और मिथ्याछाप दूध और पनीर का संग्रहण कर विक्रय करने पर 20 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। अनावेदक को जुर्माने की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा करनी होगी। 30 दिन के अंदर राशि जमा कर चालान की प्रति एडीएम न्यायालय में जमा करने के आदेश दिए गए हैं। निर्धारित अवधी में राशि जमा नहीं करने नियमानुसार कार्रवाई होगी।

बेशकीमती जमीन पर कब्जे का प्रयास, होगा सीमांकन

बरगवां स्थित एलआईसी भवन के स्थित है जमीन

नवभारत, कटनी। शहर के बीचोबीच स्थित एलआईसी बिल्डिंग के बगल की बेशकीमती सरकारी भूमि एक बार फिर भूमाफियाओं के निशाने पर आ गई है। अरबों रुपए मूल्य की इस जमीन पर खुलेआम अतिक्रमण के प्रयासों के बीच जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी ने क्षेत्र के सीमांकन के लिए जांच दल का गठन कर दिया है। प्रशासन द्वारा गठित जांच दल में चार अधिकारियों को शामिल किया गया है। यह टीम आगामी सात दिनों के भीतर एलआईसी बिल्डिंग से लगी उक्त भूमि का सीमांकन कर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। राजस्व अभिलेखों के अनुसार मिसल रिकॉर्ड वर्ष 1906-07 में ग्राम बरगवां, खसरा नंबर 209, रकबा 69.55 एकड़ भूमि को सरकारी पहाड़ दर्ज किया गया है। यह क्षेत्र वर्तमान में एलआईसी बिल्डिंग के समीप स्थित है और पूरी भूमि शासकीय बताई जा रही है जानकारी के अनुसार खसरा नंबर 209 में समय के साथ कुछ बटांकन दर्ज किए गए हैं। हैरानी की बात यह है कि सरकारी भूमि का यह हिस्सा कब और कैसे निजी खातों में दर्ज हुआ, इसका स्पष्ट उल्लेख राजस्व रिकॉर्ड में नहीं है। एलआईसी बिल्डिंग से लगी सरकारी जमीन पर दोबारा अतिक्रमण किए जाने की सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया है। जांच दल सीमांकन के साथ दस्तावेजों की भी जांच करेगा।

एक नजर में

5 महीने तक थाने में हाजिरी देगा आदतन अपराधी

नवभारत, कटनी। जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने माधवगनगर थाना अंतर्गत खैबर लाईन निवासी राहुल पिता प्रेमचंद पंचवानी (31) के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आने पांच महीने की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख के बीच माधवनगर पुलिस थाने में उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। प्रतिवेदन के अनुसार राहुल पंचवानी के खिलाफ वर्ष 2018 से अब तक 7 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। जिनमें आमजन से अवैध वसूली करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, घर में घुसकर मारपीट करना जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा राहुल के खिलाफ कई बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई। लेकिन आदतन अपराधी के आचरण में में कोई सुधार नहीं हुआ। राहुल पंचवानी द्वारा आपराधिक गतिविधियां लगातार जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़ने वाले गलत प्रभाव के मद्देनजर जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी पांच महीने तक माधवनगर पुलिस थाने में उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश जारी किया है।

कुठला थाना क्षेत्र में चोरी

नवभारत, कटनी। कुठला थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखे करीब 80 हजार रुपए कीमती सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने बताया ट्रांसपोर्ट नगर निवासी सुरेन्द्र कुमार मोगेरिया के घर पर 25 से 30 दिसंबर 2025 के बीच चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। इस बीच वे घर पर नहीं थे। घर में ताला लगा हुआ था। सूने घर का का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

जुआरी गिरफ्तार, साढ़े 33 हजार और पांच बाइक जब्त

ढीमरखेड़ा के परासी हार के जंगल में पुलिस ने की कार्रवाई

नवभारत, कटनी। जिले के ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत परासी हार के जंगल में तासपत्तों से हारजीत का दांव लगा रहे 6 जुआरियों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लगभग 33 हजार 5 सौ रूपए और तासपत्ते जब्त किए हैं। इसके अलावा पुलिस ने पांच मोटर साइकिल भी जब्त की गई है। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि परासी हार के जंगल में तासपत्तों से हारजीत का दांव लगाए जाने की सूचना मुखबिर से मिली थी। जिसके बाद पुलिस टीम को मौके पर दबिश के लिए भेजा गया। पुलिस टीम को देखकर तासपत्तों से हारजीत का दांव लगा रहे जुआरियों के बीच भगदड़ मच गई है। पुलिस ने घेराबंदी कर 6 जुआरियों को दबोच लिया। बताया जा रहा है कि कुछ जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए हैं। जिनके संबंध पुलिस द्वारा जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने बताया कि फरार हुए जुआरियों और वहां मिली गाड़ियों के मालिकों की पहचान की जा रही है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जिन आरोपियों को पकड़ा गया है उनमें झिन्ना पिपरिया निवासी महेश कुमार चक्रवर्ती, ढीमरखेड़ा निवासी रितेश बर्मन, बांध निवासी दिलीप कुमार बर्मन, ढीमरखेड़ा निवासी इंद्रकुमार पटेल, ढीमरखेड़ा निवासी भीम ठाकुर, झिन्ना पिपरिया निवासी अजय चक्रवर्ती का नाम शामिल है। पुलिस के ने बताया कि जुआरी काफी समय से क्षेत्र में सक्रिय थे, जंगल के अंदर स्थान बदल-बदल कर तासपत्तों से हारजीत का दांव लगा रहे थे।

राजस्व देने में दूसरे स्थान पर जिला, यहां विकास की आपार संभावनाएं

यूको बैंक द्वारा आयोजित कस्टमर मीट में दी गई जानकारी

नवभारत, कटनी। यूको बैंक की बरखेड़ा शाखा द्वारा ग्राहक सेवा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष और जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि अशोक विश्वकर्मा और बैंक के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा वीणावादिनी मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद यूको बैंक के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना के सम्बंध में जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने यूको बैंक के अधिकारियों को इस आयोजन के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि यूको बैंक भारत का एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र का वाणिज्यिक बैंक है, जिसकी स्थापना 1943 में हुई थी और इसका मुख्यालय कोलकाता में है। उन्होंने आव्हान किया कि जिस तरह यहां शाखा संचालित की जा रही है, उसी तरह जिले के अन्य क्षेत्रों में भी यूको बैंक की शाखाएं संचालित की जाएं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी यूको बैंक में खाता खोलकर न सिर्फ अपनी बचत कर सकें, बल्कि बैंक की योजनाओं का लाभ भी उठा सकें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि कटनी औद्योगिक जिला है। यहां विकास की अपार संभावनाएं हैं और सभी लोग मिलकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें तो कटनी जिला विकास की नई इबारत लिख सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि देश का महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शन होने के साथ ही कटनी मध्यप्रदेश में दूसरे नम्बर पर राजस्व देने वाला जिला है। सभी के सहयोग से हम कटनी का विकास कर सकते हैं।

बैंक के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि यूको बैंक अपने ग्राहकों को बचत, चालू, सावधि जमा, ऋण, इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड और अन्य डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं और निवेश विकल्प प्रदान करता है, जिससे लोग कहीं से भी और कभी भी बैंकिंग का लाभ उठा सकें। कस्टमर मीट के दौरान बैंक अधिकारियों द्वारा ग्राहकों को होम लोन, कार लोन, ओडी लोन और एमएसएमई लोन से संबंधित जानकारी दी गई।

आधा दर्जन से अधिक हमलावरों ने युवक को रास्ते में रोककर पीटा

कोतवाली थाने की बस स्टैंड चौकी क्षेत्र में हुई घटना

नवभारत,कटनी। कोतवाली थाने की बस स्टैंड पुलिस चौकी अंतर्गत क्षेत्र में एक युवक से पुरानी रंजिश पर करीब आधा दर्जन से अधिक हमलावरों ने मारपीट की। युवक से हिमलावरों ने लात-घूसों से मारपीट की है। मारपीट करने वाले युवकों को सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। मारपीट की शिकायत भी की गई है। लेकिन पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। बस स्टैंड चौकी क्षेत्र निवासी अंकित वाल्मीक ने बताया कि शुक्रवार दोपहर वह अपनी पत्नी के साथ दुकान से घर लौट रहे थे। घर के पास पहुंचते ही पड़ोसी राहुल मोगरे ने उन्हें रोका और पुराने जमीनी विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर राहुल के साथ घनश्याम, पंकज, मटुर उर्फ अमित, निहाल, अब्बू, शिवा और साहिल ने मिलकर अंकित पर हमला कर दिया। मारपीट की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में हमलावरों का समूह युवक को बेरहमी से पीटते हुए दिख रहा है। अंकित ने बताया कि आरोपियों ने उनकी पत्नी के सामने ही उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। अंकित ने बताया कि घटना के तत्काल बाद उसने पुलिस थाने में शकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद बिना किसी ठोस कार्रवाई के छोड़ दिया गया है। जिसके कारण आरोपियों के हौसले बुलंद है। आरोपियों ने दोबारा अंकित के घर जाकर उससे विवाद किया गया और घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी तोड़फोड़ की।

शीतलहर से बचने में जारी की गई एडवायजरी

स्वास्थ्य विभाग ने दी शीतलहर और ठंड से बचने की सलाह

नवभारत, कटनी। जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने मैदानी कर्मियों और आम नागरिकों को शीतलहर के लक्षण, बचाव उपाय, क्या करें और क्या नहीं करें के संबंध में जागरूक करने और आवश्यक तैयरियां रखने के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। जिले में माह दिसंबर और जनवरी के दौरान शीतलहर का प्रकोप देखने को मिलता है। इस अवधि में कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस और उससे भी कम दर्ज किया जाता है, जिससे जन-मानस के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। अत्यधिक ठंड के कारण हाइपोथर्मिया, फ्रॉस्टबाइट जैसी शीतजनित बीमारियां और विषम परिस्थितियों में मृत्यु की संभावना भी हो सकती है। शीतलहर के दौरान विशेष रूप से 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, हृदय और श्वसन रोग से पीड़ित व्यक्ति, बेघर लोग, खुले स्थानों, निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिक, सड़क किनारे रहने वाले व्यक्ति, छोटे व्यवसायी अत्यधिक संवेदनशील होते हैं। शीतलहर एक मौसम संबंधी घटना है जिसमें न्यूनतम तापमान में अचानक गिरावट आती है, ठंडी हवाएं चलती हैं और पाला या बर्फ जमने जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं।

पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहनें और कई परतों में वस्त्र धारण करें। सिर, गर्दन, हाथ, पैरों को अच्छी तरह ढकें, टोपी, मफलर और मोज़े का प्रयोग करें। गर्म और तरल पेय पदार्थ लेते रहें। संतुलित आहार, विटामिन-सी युक्त फल-सब्जियों का सेवन करें। ठंडी हवा से बचें, यथासंभव घर के अंदर रहें और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है।

बेहतर आयोजन के लिए कलेक्टर की सराहना

रोजगार मेले में हुआ 2 हजार 312 युवाओं का प्राथमिक चयन



नवभारत, कटनी। बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर देने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन पर जिले में युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेले में आकांक्षी युवाओं के लिए उत्कृष्ट कार्य पर रोजगार आयुक्त ने कलेक्टर की प्रशंसा की है। जिले में रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने के मामले में कटनी जिले को पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। रोजगार आयुक्त गिरीश शर्मा ने प्रशंसा पत्र में कलेक्टर आशीष तिवारी के बहुमूल्य योगदान की सराहना करते हुए कहा है कि आपके नेतृत्व में किया गया कार्य प्रशंसनीय है, भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा है। जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी ने बताया कि इस वर्ष अप्रैल से अब तक 8 रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

जिसमें 2 हजार 312 युवाओं का प्राथमिक चयन कर उन्हें ऑफर लेटर वितरित किए गए हैं7 वहीं अप्रेंटिसशिप के लिए 297 आवेदकों का चयन किया गया। इसी प्रकार स्वरोजगार के लिए 2 हजार 599 आवेदकों को रोजगार मेले के माध्यम से ऋण वितरित किए गए हैं। इन मेलों से शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार दिलाए जाने का प्रयास किया जाता है, कंपनिया प्लेसमेंट उपलब्ध कराकर रोजगार दे रही हैं।

सरकारी ठेकेदार बनकर सीमेंट करोबारी से धोखधड़ी, एफआईआर

शिकायत जांच के बाद पुलिस ने दर्ज किया मामला

नवभारत, कटनी। माधवनगर थाना अंतर्गत में एक सीमेंट कारोबारी से धोखाधड़ी करने की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण को जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि माधवनगर थाना अंतर्गत बंगला लाइन निवासी कृष्ण किशोर कटारिया ने शिकायत की थी कि वे करण ट्रेडर्स के नाम से हार्डवेयर और बिल्डिंग मटेरियल का व्यवसाय करते हैं। 31 अक्टूबर 2025 को राजेश दुबे उर्फ रितेश नामक व्यक्ति उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचा। उसने स्वयं को सरकारी ठेकेदार बताया। आरोपी ने विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए काफी मात्रा में सीमेंट की जरूरत बताई और भरोसा दिलाने के लिए अपनी चेकबुक दिखाते हुए करोड़ों के कारोबार का दावा किया। उसकी बातों में आकर व्यापारी ने 290 रुपए प्रति बोरी की दर से 1 लाख 45 हजार रुपए मूल्य की 500 बोरी सीमेंट ट्रक से कौड़िया गांव भेज दी। जब सीमेंट से भरा ट्रक कौड़िया पहुंचा तो आरोपी ने जगह की कमी का बहाना बनाकर ट्रक को विशाल कुशवाहा के घर के सामने खड़ा करवा दिया। आरोपी ने रात में ट्रक खाली करवा लिया, ड्राइवर को 1000 रुपए देकर वापस भेज दिया और पूरी सीमेंट विशाल कुशवाहा को बेच दी। 8 नवंबर को जब व्यापारी अपने भाई के साथ भुगतान लेने कौड़िया पहुंचा तब उसे ठगी का पता चला। पूछताछ में सामने आया कि सीमेंट पहले ही बेच दी गई है। माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी राजेश दुबे ने पहले भी इसी तरह कई लोगों से ठगी की वारदात की है। पुलिस ने इस मामले में राजेश दुबे और विशाल कुशवाहा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है। पुलिस सीमेंट की बिक्री, ट्रक के मूवमेंट और अन्य दस्तावेजों की जांच कर रही है। आरोपियों की तलाश भी की जा रही है। फिलहाल आरोपियों के संबंध में पुलिस के पास कोई सुराग नहीं है। पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों में दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस टीम मामले से जुड़े हर पहलू की जांच कर रही है। आरोपियों गिरफ्तारी के बाद मामले का खुलासा होगा।

सौगात | परमवीर चक्र विजेताओं के नाम से वार्डों का नाम रखकर संभवत : देश की पहली नगर परिषद बनी उमरियापान

नगर परिषद उमरियापान के वार्ड परमवीर चक्र विजेताओं के नाम से जाने जाएंगे

नवभारत, कटनी। जिले की ढ़ीमरखेड़ा तहसील में नवगठित नगर परिषद उमरियापान देश की संभवत: ऐसी पहली नगर परिषद बन गई है। जिसके सभी 15 वार्डों का नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर है। राजपत्र में 31 दिसंबर 2025 को विधिवत तौर पर वार्डों के विस्तार क्षेत्र और नामकरण की अधिसूचना का प्रकाशित कर दी गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा राजपत्र में प्रकाशित कराई गई अधिसूचना में सभी 15 वार्डों के नाम भारत के अमर शहीदों परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखे गए हैं। मेजर पीरू सिंह के नाम पर नगर परिषद उमरियापान के वार्ड क्रमांक 1 का नाम रखा गया है। पीरू सिंह शेखावत 6 राजपूताना राईफल्स में कंपनी हवलदार मेजर थे। मेजर धन सिंह थापा के नाम पर वार्ड क्रमांक 2 का नाम रखा गया है।मेजर होशियार सिंह के नाम पर वार्ड क्रमांक 3 का नाम रखा गया है। नवगठित नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 4 का नाम कैप्टन विक्रम बत्रा, वार्ड क्रमांक 5 का नाम शहीद सेकण्ड लेफ्टिनेंट अरूण खेत्रपाल, मेजर सोमनाथ शर्मा के नाम पर नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 6 का नामकरण किया गया है। शहीद मेजर शैतान सिंह के नाम पर वार्ड क्रमांक 7 का नाम रखा गया है। सूबेदार जोगिंदर सिंह के नाम पर नवगठित नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 8 का नामकरण किया गया है। कैप्टन मनोज कुमार पांडे के नाम पर वार्ड क्रमांक 9 का नामकरण किया गया है। परमवीर चक्र से से सम्मानित मेजर रामस्वामी परमेश्वरम के नाम पर पर वार्ड क्रमांक 10 का नाम रखा गया है। सेकेंड लेफ्टिनेंट राम राघोबा राणे के नाम पर वार्ड क्रमांक 11 का नाम रखा गया है। शहीद अब्दुल हमीद के नाम पर वार्ड क्रमांक 12 का नाम रखा गया है। शहीद अल्बर्ट एक्का के नाम पार वार्ड क्रमांक 13 का नामकरण किया गया। कैप्टन गुरबचन सिंह सालारिया के नाम पर वार्ड क्रमांक 14 का नामकरण किया गया है। लांस नायक करम सिंह के नाम पर वार्ड क्रमांक 15 का नाम रखा गया है।

पार्षद से अभद्रता के आरोप में नगर निगम उपयंत्री निलंबित

नवभारत, कटनी। नगर निगम के पार्षद मिथलेश जैन से अभद्रता और गाली-गलौज करने के आरोप में सब-इंजीनियर शैलेंद्र प्यासी को निगमायुक्त तपस्या परिहार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरअसल 24 दिसंबर 2025 को नगर निगम कार्यालय में लोक निर्माण और उद्यान समिति की बैठक चल रही थी। इस बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन ने शहर के विकास कार्यों को लेकर सवाल पूछे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सवालों को सुनकर उपयंत्री शैलेंद्र प्यासी अचानक भड़क गए और सबके सामने तेज आवाज में बहस करने लगे। बात इतनी बढ़ गई कि उन्होंने पद की गरिमा भूलकर पार्षद के साथ गाली-गलौज भी की। इस मामले में नगर निगम आयुक्त ने उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। शैलेंद्र प्यासी ने 31 दिसंबर को अपना जवाब पेश किया, लेकिन निगम प्रशासन ने उनके स्पष्टीकरण को सही नहीं माना। जांच में पाया गया कि उपयंत्री का व्यवहार मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियमों का उल्लंघन है। जिसके बाद नगर निगम आयुक्त द्वारा उपयंत्री को निलंबित कर दिया गया है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024